ना थी किस्मत मेरी तूने इतना दिया

ना थी किस्मत मेरी तूने इतना दिया,
है तेरा शुक्रिया.. है तेरा शुक्रिया ||

तेरे चरणों की धूलि मुझे जो मिली,
जैसे अंधेरों में कोई ज्योति जली,
मेरे जीवन को श्याम तूने रौशन किया,
है तेरा शुक्रिया..है तेरा शुक्रिया ||

तेरे नाम से ही मेरी पहचान है,
जो चूका ना सकूँ इतने एहसान है,
तेरे एहसानों का मैं ऋणी हो गया,
है तेरा शुक्रिया..है तेरा शुक्रिया ||

जानु ना कैसे मैं तेरे दर आ गया |
मुझे ऐसा लगा के मैं घर आ गया,
"सौरभ-मधुकर" को श्याम तूने अपना लिया,
है तेरा शुक्रिया..है तेरा शुक्रिया ||

भजन गायक - सौरभ मधुकर
रचयिता - सौरभ मधुकर

स्वर : सौरभ मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1203/title/na-thi-kismat-meri-tune-itna-diya-hai-tera-shukriya-krishna-bhajan-with-hindi-lyrics-by-Saurabh-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |